# बुद्ध पूर्णिमा

**स्रोत: पी.आई.बी.**

भारत के राष्ट्रपति ने **भगवान बुद्ध** की शिक्षाओं के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए **बुद्ध पूर्णिमा** के अवसर पर शुभकामनाएँ दीं।

- बुद्ध पूर्णिमा को '**वेसाक**' के नाम से भी जाना जाता है। यह तिथि **राजकुमार सिद्धार्थ** के जन्म का स्मरण कराती है, जो बाद में **गौतम बुद्ध** के नाम से जाने गए और **बाद में उन्होंने बौद्ध धर्म** की स्थापना की।
- बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार सामान्यतः अप्रैल या मई माह में मनाया जाता है, यह हिंदू माह वैशाख की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है एवं विशेष रूप से इसका आयोजन दक्षिण, दक्षिण पूर्व एवं पूर्वी एशिया में किया जाता है।
- बुद्ध पूर्णिमा को **'त्रिविध-धन्य दिवस'** माना जाता है **क्योंकि यह बुद्ध के जन्म, ज्ञानोदय और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है।** वर्ष 1999 से **संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसे 'UN वेसाक दिवस'** के रूप में मान्यता दी गई।




**और पढ़ें:** [बुद्ध पूरणमिा]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/buddha-purnima-1